## संक्षिप्त

### कलश यात्रा निकाली

**बौंली- बामनवास ।** क्षेत्र के थडौली ग्राम में भगवान देवनारायण के नवनिर्मित मंदिर मूर्ति का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ ही प्रारंभ हो गया। भक्तजन वीरेंद्र शर्मा व पंडित गणेश नारायण उपाध्याय थडोली ने बताया कि मूर्ति स्थापना के उपलक्ष में 201 कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सभी समाज की महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद सर पर कलश रखकर डीजे की धुन पर भगवान के भजनों के साथ संपूर्ण गांव में भ्रमण किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नौ कुंडो पर 3 दिन तक मंत्रोचारण के साथ आहुतियां दी जाएगी, इसके बाद देवनारायण भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी एवं पूजा पाठ के बाद प्रतिदिन भोजन प्रसादी का भी वितरण किया जाएगा।

### कांग्रेस की बैठक

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के प्रभारियों की एक आवश्यक मीटिंग कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की नेतृत्व में मौजपुर हॉउस पर आयोजित की गई। कांग्रेस प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया की मीटिंग में अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त प्रभारी मौजूद रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने प्रभारियों से कहा कि आगामी दिनों में आयोजित होने वाले संविधान बचाओ रैली, जय हिंद सभा तथा एआईसीसी महासचिव, असम प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के 12 जून को जन्मदिन के अवसर कार्यक्रमों के बारे में विचार-विमर्श किया और सभी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वो 2 दिवस में अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जाकर विधायक, विधायक प्रत्याशी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ कांठोसजन, कांग्रस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग का आयोजन करके कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करें और जिला कांठोस कमेटी को सौंपे।

### स्वागत द्वार का लोकार्पण

**मालपुरा** ( निस) केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मानपुरा ग्राम स्थित 108 खांकी बालाजी आश्रम मे आयोजित गोपाल मीणा की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष मे निर्मित करवाये गये भव्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मोर मंडल अध्यक्ष राजेश मीणा, बीजवाड पूर्व सरपंच पदम जैन, रामेश्वर चौधरी, महेन्द्र मीणा,शिवराज मीणा आदि ने मंत्री को दुपट्टा पहना स्वागत अभिनन्दन किया।

# 31 दिवसीय धूणी तपस्या की भंडारे के साथ पूर्णाहुति

- श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद, भक्तों ने पाई पंगत प्रसादी

**नारायणपुर ।** ग्राम पंचायत मुण्डावरा के ग्राम भोजपुरी में स्थित गिरदारीदास आश्रम में चल रही 31 दिवसीय धूणी तपस्या का मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। बाल योगी संतोषदास महाराज द्वारा सात प्रज्वलित धूणियों के मध्य बैठकर की जा रही यह तपस्या 4 मई से प्रारंभ हुई थी।

तपस्या के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने धूणी स्थल की भव्य रंगोली से सजावट की और परिक्रमा कर मनोकामनाएं मांगी। विश्व शांति, पर्यावरण शुद्धि और समाज कल्याण की भावना से प्रेरित इस विशेष साधना में संतोषदास महाराज प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सात धधकती धूणियों के बीच मंत्र जाप, ध्यान और साधना में लीन रहते थे। यह उनकी 11वीं धूणी तपस्या रही, जिसे उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संपन्न किया। धूणी तपस्या के दौरान दूर-दराज़ से भारी संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे और महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। तपस्या का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति और सद्भावना का वातावरण निर्मित करना, समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना और पर्यावरण संतुलन के लिए प्रार्थना करना था। समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकार जयराम ठेकला द्वारा नेहडा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसे श्रोताओं ने एकाठाचित होकर सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।


गिरदारीदास आश्रम में चल रही 31 दिवसीय धूणी तपस्या की पूर्णाहुति पर भव्य भंडारे का आयोजन किया।

## बयाना में गुर्जर महापंचायत को लेकर सरकार अलर्ट मोड पर

**बयाना भरतपुर** (निस)। बयाना में आगामी 8 जून को प्रस्तावित गुर्जर समाज की महापंचायत को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। संभावित भीड़ और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा ने मंगलवार को बयाना पहुंचकर बयाना और रुदावल सर्किल के थाना अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में महापंचायत के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, ट्रैफिक मैनेजमेंट और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। सभी संबंधित थाना प्रभारियों को फील्ड में मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा खुफिया इनपुट भी जुटाए जा रहे हैं ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को समय रहते टाला जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, महापंचायत के आयोजकों से भी संवाद स्थापित किया जा रहा है ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बताया जा रहा है कि इस महापंचायत में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और ड्रोन से निगरानी जैसे उपायों पर भी विचार किया जा रहा है। गुर्जर समाज द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों को लेकर यह महापंचायत आयोजित की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, इसमें आरक्षण, विकास कार्यों में हिस्सेदारी और समाज के अन्य मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। भरतपुर पुलिस प्रशासन ने आमजन से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न करने की चेतावनी भी दी गई है।

## परीक्षा में अव्वल आने पर विद्यार्थी सम्मानित

**श्रीमाधोपुर ।** ग्राम कंचनपुर के राउमावि में कक्षा पांच, कक्षा आठ एवं कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में अव्वल नम्बर लाकर उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। संस्था प्रधान संजय कुमार मीणा ने बताया कि सभी कक्षाओ का परिणाम सौ प्रतिशत रहा है।कक्षा दस में प्रथम स्थान निखिल मिश्रा,द्वितीय स्थान भूमिजा शर्मा एवं तृतीय स्थान दिव्यांशु खांडल रहे है। इसी प्रकार कक्षा आठ में प्रथम स्थान आस्था शर्मा एवं द्वितीय स्थान सोनाक्षी वर्मा ने प्राप्त किया है।

कक्षा पाँच में कुल दस विद्यार्थियों ने ए ग्रेड प्राप्त की है।इस मौके पर शाला विकास समिति के अमर चंद शर्मा, रामचन्द्र रोहलानिया,लेखक हीरालाल कंचनपुर, पूर्व प्रधानाध्यापक बनवारी लाल माटोलिया, महावीर मिश्रा, सुरेन्द्र जांगिड, वरिष्ठ अध्यापक नेकीराम, महावीर हरसुखा,भामाशाह रमेश सोनी सहित अनेक ठाामीण जन एव अभिभावक उपस्थित थे। इस मौके पर विद्यालय के कक्षा 10 में हिन्दी विषय में 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर विषयाध्यापक प्रकाश चंद कुमावत का भी ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया।मंच संचालन प्रकाश सिंह सामोता ने किया।


ग्राम कंचनपुर के राउमावि में कक्षा पांच, कक्षा आठ व कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में अव्वल नम्बर लाने वाले विधार्थियों का सम्मान किया।

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भरतपुर** (निस)। शहर के सलूजा नर्सिंग होम से बी नारायण गेट तक हो रहे मार्ग के चौडीकरण के कारण कच्चा-कुंडा क्षेत्र में सड़क किनारे बने मकानों को तोड़ने की संभावनाओं को लेकर स्थानीय निवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इन मकानों को नहीं तोड़ा जाए .जो मार्ग को चौडीकरण के लिए मकानों को तोड़े जाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। जैसे तैसे इन मकानों का निर्माण कई सालों में कर पाए अगर यह टूट गए तो हम बेघर हो जाएंगे। पहले भी इस सड़क को चौड़ा करने का प्रस्ताव पारित हुआ था लेकिन उस पर भी रोक लगा दी गई।

स्थानीय निवासी गौरव सैन ने बताया कि यह बस्ती सड़क किनारे पिछले कई दशकों से बसी हुई है, जहां गरीब तबके के लोग कच्चे मकानों में जीवन बिता रहे हैं। हाल ही में जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के कारण मकानों को तोडे जाने की संभावना जताई गई है। इसके बाद से ही बस्ती के लोगों में भय का माहौल है। अगर इन मकानों को तोड़ा जाएगा तो सभी लोग बेघर हो जाएंगे उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं बचेगी । ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2017 में भी इस सड़क को चौड़ा करने का प्रस्ताव आया था, लेकिन पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह द्वारा बस्ती को हटाने की बजाय उसे यथावत रखने का निर्णय लिया गया था। अब पुनः ऐसी ही स्थिति उत्पन्न होने पर निवासियों ने आग्रह किया है। कि इस निर्णय को पुनः लागू किया जाए। उन्होंने प्रशासन व सरकार से अपील की है कि सड़क को यथावत रखा जाए और गरीब व बीपीएल वर्ग के लोगों को उजड़ने से बचाया जाए।

## किसान की पत्नी को 10 लाख रुपए की मदद

**बौंली -बामनवास ।** सवाई माधोपुर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा बौंली द्वारा सहकार जीवन व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के तहत मृतक किसान की पत्नी को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। ऋण पर्यवेक्षक राजेश खंडेलवाल ने बताया कि सहकारिता विभाग राजस्थान सरकार द्वारा ठााम सेवा सहकारी समितियां के 18 से 79 वर्ष आयु वाले सभी ऋणी सदस्यों को 292 रुपए 50 पैसे के वार्षिक प्रीमियम पर व्यक्तिगत दुर्घटना लाभ दिया जाता है योजना के तहत बिमित ऋणी सदस्य की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर 10 लाख रुपए प्रदान किए जाते हैं। इसी योजना के अंतर्गत ठााम सेवा सहकारी समिति ठााम थडी के अंतर्गत पटीया गांव का निवासी लालाराम गुर्जर योजना के तहत बिमित था जिसकी 25 अक्टूबर 2024 को दुर्घटना में मौत हो गई थी जिस पर थडी ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामजीलाल गुर्जर आदि ने मृतक की पत्नी राजंती देवी को उनके बैंक खाते में रुपये सेड कर मदद की ।

## भरतपुर के निजी हॉस्पिटल में पैर का गलत ऑपरेशन

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के जवाहर नगर कॉलोनी में ए ब्लॉक निवासी राम दयाल शर्मा ने एक निजी हॉस्पिटल के डॉक्टर के खिलाफ मथुरा गेट थाने में लिखित शिकायत दी है। पीड़ित व्यक्ति राम दयाल शर्मा रिटायर्ड कर्मचारी का कहना है कि उन्होंने प्रदीप हॉस्पिटल में अपने पैर का ऑपरेशन करवाया था। जिसे डॉक्टर अनुराग शर्मा ने गलत कर दिया। जिससे उन्हें पैर में मवाद पड़ गया। साथ ही उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। जिसके बाद उन्हें दोबारा जयपुर में ऑपरेशन करवाना पड़ा।

पीड़ित व्यक्ति राम दयाल शर्मा (61) ने बताया कि 18 फरवरी की शाम को वह बिहारी जी मंदिर से अपने घर आ रहे थे। इस दौरान काका जी मार्किट के पास उनकी स्कूटी स्लिप हो गई। उन्हें आसपास के दुकान वालों और राहगीरों ने उठाया और प्रदीप हॉस्पिटल में एडमिट करवा दिया। प्रदीप हॉस्पिटल के डॉक्टर अनुराग शर्मा ने उन्हें बताया कि राम दयाल शर्मा के पैर में गंभीर चोट आई है। जिसका ऑपरेशन किया जाएगा। 19 फरवरी को राम दयाल शर्मा का ऑपरेशन किया गया। जो कि डॉक्टर अनुराग शर्मा ने किया। ऑपरेशन के बाद 20 फरवरी को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। 21 मार्च उनके पैर से प्लास्टर निकाल दिया गया। प्लास्टर उतारने के बाद राम दयाल चल नहीं पा रहे थे। उनके पैर में दर्द बना हुआ था।

जिसके बाद उन्होंने दूसरे डॉक्टर्स को दिखाया तो, पता लगा कि उनके पैर में मवाद पड़ना शुरू हो गया है। क्योंकि प्रदीप हॉस्पिटल में जो उनके पैर का ऑपरेशन किया गया है वह ठीक से नहीं किया गया। जिसके बाद राम दयाल शर्मा करीब 5 डॉक्टर को दिखाया सभी ने गलत ऑपरेशन होना बताया। साथ ही सलाह दी कि अगर उन्होंने जल्दी ही दोबारा ऑपरेशन नहीं करवाया तो, उनके पैर में सेप्टिक हो सकती है।

तब राम दयाल शर्मा ने 27 मई को जयपुर के राजस्थान हॉस्पिटल में दोबारा से ऑपरेशन करवाया। प्रदीप हॉस्पिटल में त्थ्भ्् के अलावा उनके 20 हजार रुपये खर्च हो गए। साथ ही उन्हें काफी परेशानी उठाई पड़ी। अब राम दयाल शर्मा का कहना है कि उन्हें जो भी परेशानियों का सामना करना पड़ा है वह उसको लेकर प्रदीप हॉस्पिटल के डॉक्टर के खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई जरूर करेंगे। वहीं इस मामले पर जब प्रदीप हॉस्पिटल के डॉक्टर अनुराग शर्मा से बात की तो, उन्होंने बताया कि यह मरीज फ़रवरी के महीने में त्थ्भ्् से अपना इलाज करवाने आया था। व्यक्ति का एक्सीडेंट हुआ था जिसमें इसके पैर की हड्डी में फ्रेक्चर हुआ था। सरकार की योजना के तहत व्यक्ति का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दो तीन बार मरीज दोबारा आया उसने पैर में सूजन होना बताया। जिसके आधार पर उसे दवाये दी गई। उसके बाद वह वापस नहीं आया। उसने किसी दूसरे डॉक्टर से राय ली तो, उस डॉक्टर ने बताया कि पैर में पेच बड़ा है और प्लेट बदलने चाहिए। हर डॉक्टर की अलग-अलग राय हो सकती है। अगर कोई उन्हें परेशानी है तो, उन्हें कंसर्ट डॉक्टर को आकर परेशानी बतानी चाहिए थी। वेवजह किसी के ऊपर आरोप लगाना अशोभनीय टिप्पडी करना गलत काम है। जो भी वह आरोप लगा रहे हैं वह डॉक्टर डिसाइड कर सकते हैं न की पेशेंट डिसाइड करेगा की क्या सही है और क्या गलत है।

## पावटा में स्वच्छता पर सवालिया निशान

**पावटा।** जहां पूरे भारत में स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। वहीं पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर सवालिया निशान खडे कर दिए हैं। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा पावटा कस्बे में सफाई के नाम पर के कई दिनों से खुले पड़े नाले अब आमजन के लिए खतरा बन गए है उसमें पड़े कचरे की गंदगी और बदबू से आमजन परेशान हैं। नगरपालिका प्रशासन ने कस्बे में बारिश पूर्व नालों की सफाई का अभियान छेड़ रखा है। कस्बे में सभी जगह एक साथ नालों को खोल दिया, इससे आमजन व दुकानदार परेशान हैं। जानकारी के अनुसार पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका प्रशासन की ओर से बरसात से पूर्व नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है ताकि बरसात के समय कहीं पर पानी भराव की समस्या नहीं हो। सर्विस रोड व मुख्य मार्गो बाजारों में नालों की सफाई के लिए इनके फेरो कवर हटा दिए। लेकिन सफाई का कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है, जिससे खुले नाले आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। लोगों को आवाजाही व गंदगी से परेशानी उठानी पड़ रही है। वही आमजन का उन खुले पड़े नालों में गिरने से हादसों का भय सता रहा है।नालों को कहीं अधूरा तो कहीं खुला छोड़ दिया गया। पावटा कस्बा सर्विस रोड, मुख्य बाजार, मार्गो से रहवासी आमजन रोजाना गुजरते हैं। नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई तो करवाई जा रही है लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी नालों को ढका नहीं गया है जिससे कभी भी कोई भी बडा हादसा हो सकता है। कस्बे के मुख्य मार्गों पर नालों का खुले पडे होना और खुले नालों में कचरे का ढेर, नगर पालिका की लापरवाही साफ तौर पर दिखाई दे रही है। पावटा प्रागपुरा कस्बे में नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई तो करवाई जा रही है लेकिन मुख्य मार्गो बाजारों में रिहायशी क्षेत्र में वह उसे ढंकना भूल गई। यह नाले खासकर वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। आए दिन यह वाहन चालक संकरा रास्ता और मोड होने की वजह से नाले में गिरने का डर बना रहता है। इस समस्या से आमजन तंग आ गए हैं। वहीं कस्बे में खुले पडे नाले बच्चों की जान के दुश्मन बन गए हैं। बाजारों व मुख्य मार्गो में जिस जगह नाला खुला पड़ा है वहीं से लोग आना जाना करते हैं। जिससे हमेशा बड़ा हादसा होने का डर बना रहता है। वही गंदगी और कचरे से लबालब खुले नाले मच्छरों के पनपने में मददगार साबित हो रहे हैं। जिससे कस्बे में लोग बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार के शिकार हो रहे हैं। लोगों का कहना है।


## आम रास्ते में अतिक्रमण, कीचड़ से राहगीर दुखी

**चौरु/उनियारा ।** उनियारा उपखंड अधिकारी शत्रुघ्न सिंह गुर्जर ने ग्राम पंचायत मुख्यालय पलाई में आम रास्ते में अतिक्रमण, रास्तों में कीचड़, पानी, पूर्व स्वीकृत विकास कार्यों कों चालू करवाने एवं गन्दगी के मामले में ग्रामीणों द्वारा पेश किए गए ज्ञापन पर पंचायत समिति उनियारा के विकास अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं ।

- विकास अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश
- ग्रामीणों ने पानी, कीचड़ व पूर्व स्वीकृत विकास कार्यों कों लेकर एसडीओ कों सौपा ज्ञापन

ग्राम के पूर्व सरपंच सोहनलाल धाकड़, वार्डपंच बीनादेवी, श्योजीलाल गुर्जर, समाजसेवी शेरसिंह सोलंकी, शाहरुख खान, चेतराम धाकड, अंगद मीणा, कन्हैया लाल, मनोज कुमार, छीतर लाल, महेश द्वारा उपखंड अधिकारी के समक्ष पेश किए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत पलाई प्रशासन की लापरवाही एवं अनदेखी के चलते ग्राम के सरकारी स्कूल से बोलसती स्थित सार्वजनिक ट्ययूबवेल तक तथा वहां से तेजाजी के मंदिर होकर बस स्टैंड तक के रास्ते मे गन्दा पानी भरा होने सर से भारी मात्रा में कीचड जमा होने तथा रास्ते के दोनों ओर प्रभावशाली लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मार्ग को संकरा कर दिए जाने से आम लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त रास्ता करीब डेढ़ किमी लम्बा है जो ग्राम से नेशनल हाइवे 148 डी तक लिंक रोड बनाए जाने के लिए प्रस्तावित है। लेकिन सरपंच एवं ठााम विकास अधिकारी की मनमानी से समस्या का निराकरण नही हो पा रहा है। जिससे ग्राम वासियों को जहां भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं पंचायत प्रशासन के विरुद्ध भारी रोष व्याप्त है । उन्होंने बताया कि उक्त मामले को ग्राम पंचायत की जनसुनवाई में भी उठाया गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया । इस पर उपखंड अधिकारी ने पंचायत समिति के विकास अधिकारी को कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश जारी किए हैं।


चौरु के गांव पलाई में आम रास्ते में कीचड़ से राहगीरों को परेशानी हो रही है ।

## सार-समाचार

### अधिकारियों की बैठक



**मालपुरा** (निस) आगामी दिनों में आने वाल त्योहार व धार्मिक जुलूस के दौरान शांति व कानून व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी मोटाराम बेनिवाल ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली । एएसपी मोटाराम बेनिवाल द्वारा ली गई बैठक में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत, मालपुरा एसएचओ चेनाराम बेडा,पचेवर व लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी, पंचायत समिति विकास अधिकारी, सुचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के प्रोग्रामर संजय सोनी मौजूद रहै। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो के धार्मिक जूलूस व त्यौहारो के दौरान वृत्त क्षैत्र मे शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा कर एएसपी ने आवश्यक निर्देश दिये।

### तिरंगा यात्रा निकाली

**कामां भरतपुर** (निस)। डीग के कामां में तिरंगा यात्रा में गिफ्ट का लालच दिया गया था । इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कुछ महिलाओं का आरोप है कि तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए महिलाओं को गिफ्ट का लालच दिया गया था। इसके लिए कूपन भी दिए थे लेकिन यात्रा के बाद गिफ्ट नहीं मिले। महिलाएं अब तक अपना गिफ्ट लेने कामां नगर पालिका पहुंच रहीं हैं । चेयरपर्सन बोलीं- हमसे गलती हुई, गिफ्ट का प्लान बनाया मामले को लेकर कामां नगर पालिका चेयरपर्सन गीता खंडेलवाल ने बताया-यात्रा निकालने से पहले सभी पार्षदों, सरपंचों की एक बैठक हुई थी। जिसमें विधायक भी शामिल थीं। यात्रा में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए पार्षदों से कहा गया था कि ज्यादा से ज्यादा महिलएं लाएंगे तो गिफ्ट दिए जाएंगे। यात्रा में आशा से ज्यादा महिलाएं जुट गईं। यात्रा में एक हजार से ज्यादा महिलाएं थीं भीड़ को देखते हुए गिफ्ट के प्लान को कैंसिल कर दिया गया। हमसे यह गलती हुई कि हमने इस तरह के इवेंट में लोगों को गिफ्ट देने का प्लान बनाया। महिलाएं बोलीं-टोकन भी दिए, लेकिन गिफ्ट नहीं मिला कामां नगर पालिका गिफ्ट लेने पहुंची किरण ने बताया-हमें तिरंगा यात्रा में शामिल होने पर गिफ्ट देने के वादा किया गया था। गिफ्ट के लिए हमें टोकन दिए गए थे। तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को नगर पालिका के लोग कूपन बांट रहे थे। उन्होंने कहा था कि कूपन दिखाने के बाद उन्हें गिफ्ट मिलेगा। यात्रा ख़त्म होने के बाद भी हमें गिफ्ट नहीं मिला। कामां में तिरंगा यात्रा निकाली थी। इसमें एक हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हुई थी।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा राजेन्द्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के स्व. चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 69 वां निशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों की आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया जाएगा जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। बताया गया है कि इससे पहले आयोजित 68 शिविरों में 6338 पंजीकरण किए जाकर उनमें से 2035 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है।

### प्रवेश प्रक्रिया शुरु

**श्रीमाधोपुर ।** राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में बी.ए पार्ट प्रथम के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया बुधवार 4 जून से प्रारंभ हो रही है, जिसकी अंतिम तिथि 16 जून 2025 है। प्राचार्य सांवर मल जाट एवं प्रवेश नोडल अधिकारी सुश्री पूजा वर्मा ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में कला संकाय में 7 विषय ( इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, लोक प्रशासन, संस्कृत साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, हिंदी साहित्य) संचालित है जिनमें कुल 200 सीट है । छात्राओं को ई-मित्र पर जाकर अपनी एसएसओ आईडी से आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की वेबसाइट से अपने जन आधार के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### उपकोषाधिकारी ने पदभार संभाला

**मालपुरा** (निस) मंगलवार को उपकोषाधिकारी के पद पर श्योजीराम जाट ने विधिवत कार्यभार संभाला। इस दौरान मौजूद सीबीईओ कार्यालय स्टाफ सहित कोशल नरेश शर्मा, सत्यनारायण, पकंज नीमावत, पवन गुर्जर, केशव पारीक, महावीर प्रसाद पाराशर, प्रकाशचन्द, भगवान सिंह, प्रियंका, अरविन्द पारीक आदि ने चौधरी को दी बधाई।

## सांभर में 5.49 करोड़ की पेयजल योजना प्रशासनिक फेर में फंसी

**सांभरझील, (निसं)।** चारभुजा नाथ मंदिर परिक्षेत्र व इसके नीचे की तमाम बस्तियों के सकड़ों लोगों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति इस साल के अंत तक भी मिलने के कतई आसर नहीं बन रहे हैं। करीब 5 दशकों से इस समस्या के समाधान के लिए किसी भी विधायक की ओर से कोई ठोस प्रयास ही नहीं किए गए। जब सभी नेताओं ने हाथ खड़े कर दिए तो क्षेत्र के लिए तारणहार बनकर नंदीकेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन कुलदीप व्यास ने तत्कालीन मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात कर एक बड़े प्रोजेक्ट को मंजूर करवाने मे अपनी प्रमुख भूमिका अदा की। बता दें कि निवर्तमान सरकार की ओर से मंजूर की गई करीब 5 करोड 49 लाख रुपए की पेयजल योजना अभी भी प्रशासनिक प्रक्रिया में ही फंसी हुई है।

क्षेत्र की जनता को उम्मीद के पंख लगाए गए की शीघ्र उन्हें योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा लेकिन सिस्टम में ही इतना गड़बड़झाला है कि इस साल के अंत तक भी काम शुरू हो जाएगा आसानी से कोई अधिकारी कहने को तैयार नहीं है। यह बात अलग है कि अब इस योजना को अमृत जल योजना के नाम से तब्दील कर दिया गया है। सरकार की ओर से प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है, लेकिन बताया जा रहा है कि अभी तक भी इसकी टेंडर प्रक्रिया ही नहीं हुई है, कभी बताया जाता है कि टेंडर प्रक्रिया हो गई है लेकिन वर्क आर्डर जारी नहीं हो रहा है, यह समझ से परे है। अमृत जल योजना में घर-घर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने की इस योजना पर अभी भी संकट के बादल है। इस योजना में पुराने उप कारागृह के सामने स्थित भूमि पर नवीन उच्च जलाशय का निर्माण सहित उन तमाम पुरानी पेयजल लाइनों को बदला जाना है जो विगत कई दशकों से जर्जर हो चुकी है अथवा पेयजल लाइन करीब 80 प्रतिशत तक चौक पड़ी है, जिसकी वजह से लोगों के घरों तक बूंद बूंद पानी आता है।

चारभुजा नाथ मंदिर के ऊंचे इलाके में बसे लोगों तक पानी की सप्लाई विगत 50 सालों से प्रेशर से नहीं पहुंच पा रही है। यहां के विधायक, चेयरमैन और तमाम जनप्रतिनिधियों को भी इस बात का पता है लेकिन खुद ही राजनीतिक रूप से इतने निर्बल और टूटे हुए हैं कि उनके आगे चलती नहीं है।

लोकल अभियंता कहते हैं कि यह हमारे बस की बात नहीं सरकार के लेवल का मामला है और पल्ला झाड़कर अपनी आराम से ड्यूटी को अंजाम देने के अलावा उनके पास दूसरा कोई रास्ता बचा नहीं है। प्रोजेक्ट को मंजूरी तो मिल गई लेकिन उच्च जलाशय के लिए निर्माण का रास्ता साफ हो सका है और न ही लाइन बिछाने का काम तक शुरू हो रहा है। आश्चर्य तो इस बात का भी कि जिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को यह मामला गंभीरता से लेना चाहिए था उसे उठाने की बजाय केवल दलगत व थोथी राजनीति कर जनता को गुमराह करने में लगे हुए हैं।